OM-19 - 2020 FINAL FILE_Page 1 and 2 28/12/2020 11:29 AM Page 8



**दादी का सम्मान |** वर्ष 1994 में प्रजापिता ब्रह्माबाबा के नाम पर 1 रुपये का टिकट हुआ था जारी

# दादी जानकी के प्रथम स्मृति दिवस पर उनके नाम पाँच रुपये कीमत के पाँच लाख डाक टिकट होंगे जारी

### 27 मार्च 2021 को केन्द्र जारी करेगा डाक टिकट

भारत सरकार ब्रह्माकुमारीज़ की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी जानकी के सम्मान में उनका डाक टिकट जारी करेगी। यह डाक टिकट उनके प्रथम स्मृति दिवस पर जारी किया जाएगा। दरअसल, 27 मार्च 2020 को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी जानकी दिवंगत हुई थीं। 104 वर्ष की उम्र तक दादी जानकी ने समाज और खासकर युवाओं और नारी उत्थान के लिए कई कार्य किये। उन्हीं के सम्मान में यह डाक टिकट जारी किया जा रहा है। इसकी सारी प्रक्रिया पूरी हो गई है और संचार मंत्रालय की ओर से इस पर सहमति भी दे दी गई है। गौरतलब है कि दादी जानकी 21 साल की उम्र में संस्थान से जुड़ी थीं। इसके बाद उन्होंने पश्चिमी देशों में भारतीय संस्कृति, सभ्यता और मानवीय मूल्यों के प्रचार-प्रसार की ज़िम्मेवारी निभाई। 140 देशों तक संस्थान का विस्तार होने के बाद वे साल 2007 में संस्थान की मुखिया बनी थीं।

### 21 वर्ष की आयु से जुड़ीं ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान से - राजयोगिनी दादी जानकी



यह डाक टिकट उनके पहले स्मृति दिवस 27 मार्च 2021 को जारी किया जाएगा। पहले चरण में पाँच रुपये के पाँच लाख टिकट जारी किये जाएंगे। इसको लेकर आबूरोड स्थित अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय पर भी तैयारी शुरू हो गई है। गौरतलब है कि राजयोगिनी दादी जानकी 21 वर्ष की उम्र में ही ब्रह्माकुमारीज़ से जुड़ी थीं तथा संस्थान के प्रारंभ में ही संस्थान के संपर्क में आईं और पूर्ण रूप से समर्पित हो गईं। ब्रह्माकुमारी संस्थान के साकार संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा ने उन्हें पश्चिमी देशों में भारतीय संस्कृति, सभ्यता और मानवीय मूल्यों के प्रचार-प्रसार की ज़िम्मेदारी सौंपी थी।

### 27 वर्ष पहले प्रजापिता ब्रह्मा बाबा का हुआ था डाक टिकट जारी

संस्था का यह दूसरा डाक टिकट होगा जो सरकार की ओर से जारी किया जायेगा। इससे पूर्व प्रजापिता ब्रह्मा बाबा का 1994 में डाक टिकट जारी किया गया था जो एक रुपये का था।

## ऑस्टिन में मेडिटेशन सेंटर का उद्घाटन



**ऑस्टिन-टेक्सास(यू.एस.ए.)।** ब्रह्माकुमारीज़ के नवनिर्मित राजयोग मेडिटेशन सेंटर का उद्घाटन किया गया। ऑस्टिन में ब्रह्माकुमारीज़ की सेवाओं की शुरुआत 1978 में युनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास,ऑस्टिन में ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा आयोजित पब्लिक प्रोग्राम में राजयोगिनी दादी जानकी के शुभ वचनों से हुई। युनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास,ऑस्टिन में विद्यार्थियों की संख्या पचास हज़ार से भी अधिक है। ऑस्टिन में पहले ब्रह्माकुमारी सेवाकेन्द्र की स्थापना 1980 में ब्र.कु.डॉ.हंसा,टेक्सास एरिया कोऑर्डिनेटर द्वारा की गई थी।



## नये युग की रोशनी का आधार : युवा शक्ति



**सम्बलपुर-ओडिशा।** ईश्वरीय मार्ग पर चलने वाले युवा भाई-बहनों के लिए आयोजित "नये युग की नई रोशनी" बी.के. यूथ ऑनलाइन वेबिनार में ब्रह्माकुमारीज़ की अति. मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतन मोहिनी,चेयरपर्सन,यूथ विंग ने कहा कि नये युग की नई रोशनी का आधार है युवाओं की शक्ति। युवा अगर अपनी शक्ति को सकारात्मक दिशा में लगाए तो नई दुनिया सहज आ सकती है। राजयोगिनी ब्र.कु. चन्द्रिका दीदी,वाइस चेयरपर्सन, यूथ विंग,अहमदाबाद ने कहा कि अगर हम परमात्म शक्ति को अपने अंदर धारण करके चलें तो ये नई रोशनी लोगों को हमसे ही दिखाई देगी। ब्र.कु. कमलेश दीदी,डायरेक्टर,कटक सबज़ोन ने कहा कि जन-जन तक परमात्म संदेश पहुँचाने के लए परमात्मा ने विशेष युवाओं को ही चुना है। नितीश गंगदेव,सांसद,लोकसभा,सम्बलपुर की धर्मपत्नी अरुंधति देवी ने कहा कि युवा अपने जीवन में मेडिटेशन को अपनायें और अच्छी शिक्षा वाली किताबें पढ़ें तो खुद को इम्प्रूव कर सकते हैं। सिद्धार्थ शुक्ला,एक्टर,मॉडल एवं टीवी होस्ट ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ में जो शिक्षा दी जा रही है वो हमें जीवन जीना सिखाती है। ब्र.कु. अरुण,एडि.जी.एम.,एन.टी.पी.सी.एस.,राउरकेला ने कहा कि परमात्मा का मिशन है नई दुनिया बनाना, इसके लिए चाहिए स्वराज्य अधिकारी एवं आत्म-अभिमानी स्थिति। ब्र.कु. पार्वती दीदी,डायरेक्टर, सम्बलपुर सबज़ोन ने गुलदस्ते एवं मधुर शब्दों से मेहमानों का स्वागत किया। ब्र.कु. स्नेहा ने कार्यक्रम संचालन किया। ब्र.कु. सुधा दीदी,रशिया, ब्र.कु.सपना, चीन, ब्र.कु.ललित एवं ब्र.कु.आत्म-प्रकाश,मधुबन ने बहुत रुचिकर विषयों पर प्रकाश डाला। पैनल डिस्कशन में ब्र.कु. कृति,अहमदाबाद, ब्र.कु. राम कृष्णा,हैदराबाद, ब्र.कु. श्रेया,मुंबई तथा ब्र.कु. श्रीनिधि,मधुबन ने युवाओं के प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दिया। वेबिनार में ओडिशा तथा अन्य प्रांतों के करीब 350 बी.के. युवा भाई-बहनें लगातार जुड़े रहे।

## परमात्म याद से बढ़ायें एकाग्रता



**ग्वालियर-म.प्र.।** गरीब मजदूर पाठशाला शाखा विवेकानंद नीडम में बच्चों के लिए चरित्र निर्माण और मूल्य शिक्षा पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पर गरीब मजदूर भाइयों के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। गरीब मजदूर पाठशाला की वर्तमान में पाँच शाखाएं चल रही हैं जिनमें लगभग 200 बच्चों को जो कि गरीब मजदूर भाइयों के बच्चे हैं, उनको उनके घर पर ही पढ़ाते हैं। इस कार्य में मार्गदर्शक एवं इस केन्द्र के संरक्षक ओ.पी. दीक्षित,सेवानिवृत्त शिक्षक हैं तथा साथ ही साथ ब्रजेश शुक्ला, शासकीय शिक्षक, मनोज पांडे, सेवानिवृत्त फौज, भरत सिंह चौरसिया, कपिल झा, साहिल खान और मृदुल शर्मा स्वयंसेवक के रूप में कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में सभी बच्चों को चरित्र निर्माण एवं नैतिक शिक्षा के बारे में बताते हुए ब्र.कु. प्रह्लाद ने कहा कि हमें हमेशा अपने माता-पिता और गुरूजनों का सम्मान और उनकी आज्ञा का पालन करना चाहिए। हमारा जीवन अनुशासित होगा और हम अपने बड़ों का सम्मान करेंगे तो हम जीवन में बहुत आगे जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी आत्माओं के पिता परमात्मा शिव हैं जो कि निराकार ज्योति बिंदु स्वरूप हैं। उनको याद करने से हम अपनी एकाग्रता को बढ़ा सकते हैं। साथ ही उन्होंने सभी बच्चों को योग एवं ध्यान का जीवन में महत्व बताते हुए राजयोग ध्यान की अनुभूति कराई और बच्चों को खूब पढ़ने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात् समाज सेवक एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एस.पी. बत्रा, समाज सेवक अनिल कुमार पंजवानी एवं ब्र.कु. प्रह्लाद ने बच्चों को मिठाइयां, शैक्षणिक सामग्री, दरी, मोजे, गर्म टोपी और मास्क का वितरण किया। ब्रजेश शुक्ला ने आभार व्यक्त किया।

## 'ऊर्जा बचाओ धरती बचाओ' वेबिनार




**रानी-राज.।** राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर ब्रह्माकुमारी सेवाकेन्द्र द्वारा जन-जागरुकता के लिए आयोजित 'ऊर्जा बचाओ धरती बचाओ' विषयक वेबिनार में ब्र.कु. केदार खमितकर,एनर्जी ऑडिटर, पी.सी.आर.ए.,भारत सरकार ने पी.पी.टी. एवं विडियोज़ के माध्यम से सभी को जागरुक किया कि कैसे पेट्रोल, ईंधन गैस और बिजली बचाएं। उन्होंने 'बटन दबाओ बिजली बचाओ' का संदेश दिया। साथ ही कहा कि गाड़ी को नियंत्रित कर पेट्रोल बचाया जा सकता है। गाड़ी पर लोड ज़्यादा हो तो भी पेट्रोल की ज़्यादा खपत होती है। खाना पकाते समय उबाल आने पर आँच धीमी करने और ढ़क कर पकाने पर कम गैस खर्च होती है। ब्र.कु. गोलो,पिल्ज,सलाहकार, अक्षय ऊर्जा विभाग, ब्रह्माकुमारीज़,जर्मनी ने प्रेज़ेन्टेशन के ज़रिये लोगों को 'फाइव आर्स' के बारे में बताया- रीथिंक बिफोर यू बाइ, रीयूज़ ऐज़ मच ऐज़ पॉसिबल, रिड्यूज़ योर कंज़्म्पशन, रीसाइकल वॅटिवर इज़ पॉसिबल एंड रिफ्यूज़ टू फॉलो ऑल फैशन ट्रेंड्स। चिंतन शाह, डायरेक्टर,टेक्निकल,आई. आर.ई.डी.ए.,नई दिल्ली ने बिजली बचाने तथा सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा जैसे अक्षय ऊर्जा का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। सभी वक्ताओं ने ऊर्जा बचाने की प्रेरणा देते हुए उपाय बताए। संचालन ब्र.कु. अस्मिता ने किया तथा सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. सोनू बहन से सभी का धन्यवाद किया।

## धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस



**खिमलासा-बीना(म.प्र.)।** ब्रह्माकुमारीज़ के खिमलासा सेवाकेंद्र का स्थापना दिवस सोशल डिस्टेंसिंग एवं अन्य नियमों का पालन करते हुए बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बीना सेवाकेंद्र संचालिका ब्र.कु. सरोज बहन ने कहा कि कोरोना-काल में सभी भाई-बहन योग के माध्यम से सभी को सकाश दें ताकि जल्द ही इस आपदा से उबर सकें। खुरई सेवाकेंद्र संचालिका ब्र.कु. किरण बहन ने कहा कि ईश्वरीय सेवा या परोपकार के कार्य में कभी भी अपना तन-मन-धन लगाते समय उसका लोगों के साथ वर्णन नहीं करना चाहिए। खिमलासा सेवाकेंद्र संचालिका ब्र.कु. जानकी बहन ने सभी को राजयोग की गहन अनुभूति कराते हुए कहा कि वर्तमान समय में लोगों को सबसे ज़्यादा भावनात्मक सहारे की ज़रूरत है। पठारी सेवाकेंद्र संचालिका ब्र.कु. शिवानी बहन ने कहा कि सभी माता-पिता आज संकल्प करें कि जब कभी हमारे बच्चे सेवा के कार्य में, लोगों के कल्याण के कार्य में या भगवान को अपना जीवन अर्पित करने का संकल्प करें तो उनका सहयोग करेंगे। कार्यक्रम में शिवध्वज वंदन कर स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में केक काटा गया। इस मौके पर ब्र.कु. गुड्डी बहन, ब्र.कु. मधु बहन, ब्र.कु. रिया बहन सहित अन्य भाई-बहनें उपस्थित रहे। साथ ही सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

RNI NO RAJHIN/2000/00721, POSTAL REGD. RJ/SIROHI/9623/21-23, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2021-23, Posting on 12th TO 14th and 22nd TO 24th each month, published on 12th Dec, 2021
स्वामी - आर.ई.आर.एफ. (मीडिया विंग), प्रकाशक - गंगाधर नरसिंघानी, मुद्रक - डी.बी. कॉर्प.लि. द्वारा भास्कर प्रिन्टिंग प्रेस, डी.बी. कॉर्प.लि.,शिवदासपुरा, टोंक रोड,जयपुर से मुद्रित एवं ओम शान्ति मीडिया, ब्रह्माकुमारीज,शांतिवन-राज. से प्रकाशित, सम्पादक - गंगाधर नरसिंघानी।
कार्यालय - ओम शान्ति मीडिया, ब्रह्माकुमारीज़, शांतिवन, आबू रोड(राज.)- 307510
See Latest News - www.omshantimedia.org